कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व, आयुक्तालय, जोधपुर
(प्रेस–नोट)

@Dcp Jodhpur East @dcpeastjodhpur

1. **पुलिस थाना डांगियावास का भ्रमण व वृक्षारोपण ।**
2. **जनसहभागिता जन–संवाद संगौष्ठी का आयोजन**

श्रीमान रविदत्त गौड़ पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार आमजन से पुलिस कर्मी के सीधे जुड़ाव तथा आमजन की समस्याओं को उन्ही के माहौल व स्थान पर जाकर सुनने के नवाचार के रूप में आज दिनांक 21.07.2022 को जिला जोधपुर पूर्व के गांव डांगियावास के पंचायत भवन में जनसहभागिमा जन–संवाद संगौष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पूर्व पुलिस थाना डांगियावास का भ्रमण कर पदस्थापित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये एवं संधारित किये जाने वाले रिकॉर्ड आदि का अवलोकन किया गया। पुलिस थाना डांगियावास व गांव डांगियावास के पंचायत भवन में वृक्षारोपरण की शुरूआत की गई। जन सहभागिता जनसंवाद मीटिंग में सहायक पुलिस आयुक्त वृत–मण्डोर श्री राजेन्द्र प्रसाद दिवाकर, थानाधिकारी डांगियावास व डांगियावास हल्का क्षेत्र में पड़ने वाले करीब 40 गांवों के सामुदायिक पुलिसिंग के सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मीटिंग में नशे की बुराईयों के बारे में बताया गया एवं अफीम, डोडापोस्त, स्मैक आदि का सेवन युवावर्ग में ज्यादा होने से अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। गणमान्य नागरिकों को अपने अपने हल्के के अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त तस्करों के बारे में जानकारी पुलिस को साझा करने के लिए प्रेरित किया गया ।

साथ ही साथ नेशनल हाईवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं मृतकों में कमी लाने के लिए गणमान्य नागरिकों को पुलिस का आवश्यक सहयोग करने एवं यातायात नियमों की पालना हेतु प्रोत्साहित किया गया। रात्रि में सड़क पर बैठने व विचरण करने वाले पशुओं पर रिफ्लेक्टर लगाने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर एवं थानाधिकारी डांगियावास को विशेष अभियान शुरू करने के लिए निर्देशित किया गया ।

उपरोक्त जनसहभागिता जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन ने उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपनी पुलिस से संबंधित अपेक्षाओं को जाहिर किया साथ ही विश्वास दिलाया कि सभी नागरिकगण संवेदनशील मुद्दों पर पुलिस का हरसंभव सहयोग करेंगे।

डॉ. अमृता दुहन
(भा.पु.से.)
पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व